मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-162
26/03/2021

मुख्यमंत्री ने राजगीर में नये केबिन रोपवे का किया लोकार्पण

पटना, 26 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज राजगीर में रत्नागिरि पर्वत स्थित 8 सीट वाले नवनिर्मित केबिन रोपवे का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। नवनिर्मित रोपवे में कुल 20 केबिन लगाये गये हैं, जिससे एक घंटे में 800 लोग सफर कर सकेंगे। लोकार्पण के पश्चात केबिन रोपवे के माध्यम से विश्व शांति स्तूप में जाकर मुख्यमंत्री ने पूजा–अर्चना की। विश्व शांति स्तूप के प्रमुख बौद्ध भिक्षु श्री टी0 ओकोनेगी ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। विश्व शांति स्तूप प्रांगण से मुख्यमंत्री ने गृद्धकूट पर्वत का अवलोकन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, पर्यटन मंत्री श्री नारायण प्रसाद, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री श्री नीरज कुमार सिंह, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, विधायक श्री सुनील कुमार, विधायक श्री कौशल किशोर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, पर्यटन विभाग के सचिव संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, ए0डी0जी0 स्पेशल ब्रांच श्री बच्चू सिंह मीणा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ0 गोपाल सिंह, पुलिस महानिरीक्षक पटना रेंज श्री संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी श्री योगेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री हरिप्रसाथ एस0, डी0एफ0ओ0 डॉ0 नेशा मणि के0, कन्वेयर एंड रोपवे सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक श्रीमती रचना मुखर्जी, रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस लिमिटेड (राइट्स) के कार्यशाला महाप्रबंधक श्री एन0सी0 श्रीवास्तव, राइट्स के तकनीकी निदेशक श्री अनिल विज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******